हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त, 2025

11 गांव बैजलपुर में 29 को हॉकी एस्ट्रोटर्फ का होगा उद्घाटन...



12 क्रेसण्ट स्कूल के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्कूल गेम्स में...



## खबर संक्षेप

### बरसीन में डीसी का रात्रि प्रवास कार्यक्रम आज

**फतेहाबाद।** लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में बुधवार 27 अगस्त को सायं 5 बजे राजकीय वरिष्ठ विद्यालय गांव बरसीन में उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य गांवों में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### फतेहाबाद में लगी बिजली लोक अदालत

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा भट्?टू रोड पर मिनी बाईपास के पास स्थित 132 केवी पावर हाउस में बने एसई कार्यालय में बिजली लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत की अध्यक्षता एसई एसएस रॉय को करनी थी, मगर उनके स्थान पर एक्सईएन संदीप मेहता ने उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतें सुनी। एक्सईएन संदीप मेहता ने बताया कि इस बिजली अदालत में क्षेत्र के करीब दो दर्जन उपभोक्ताओं ने बिजली से संबंधित अपनी समस्या को रखा है।

### हेरोइन सहित तीन युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही है। इसी कड़ी में थाना जाखल पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन, 1000 नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिंद्र सिंह उर्फ बिंद्री तथा जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सू निवासी लेहल कला, जिला संगरूर, पंजाब तथा सीता रानी पत्नी रिंकू, निवासी चूहड़पुर के रूप में हुई है।

### पुलिस ने बेल जंपर आरोपी किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सीआईए रतिया पुलिस ने एक बेल जंपर आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी एएसआई रिछपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए परवीन पुत्र प्रेम सिंह निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है।

### ग्रीन पार्क कॉलोनी में गणेश महोत्सव आज से

**फतेहाबाद।** ग्रीन पार्क कॉलोनी में हर साल की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोसायटी के महासचिव अरुण जैन ने बताया कि 27 अगस्त को विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा रंगोली पैलेस से शोभायात्रा के रूप में शाम 5 बजे ग्रीन पार्क मंदिर लाकर स्थापित की जाएगी। पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत प्रतिदिन प्रातः काल श्री गणेश जी का विशेष पूजन होगा।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर थाना रानियां में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस में दी शिकायत में आरोप था कि आरोपी रानियां निवासी विकास को 16 वर्षीय नाबालिगा को बहला-फुसलाकर अपने घर मैनपुरी ले गया तथा वहां उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रबंधक ने बताया कि अभियोग की गंभीरता को देखते हुए एएसआई सम्मी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है।

## पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित निकाला, बस में 4 फुट तक पानी भरा

# हिमाचल के शाहतलाई जा रही हरियाणा रोडवेज की बस जमालपुर में अंडरब्रिज में भरे पानी में फंसी

### जेसीबी की मदद से बाहर निकाली बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

हिमाचल के शाहतलाई जा रही हरियाणा रोडवेज की बस मंगलवार सुबह टोहाना क्षेत्र के गांव जमालपुर शेखां के पास निर्माणाधीन पुल के नीचे जमा पानी में फंस गई। बस में दर्जनभर यात्री सवार थे। पानी की गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण बस चालक पानी में चला गया और बस वहीं बंद हो गई। बस में सवार यात्रियों की जान खतरे में देखते हुए बस चालक ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस की मदद मांगी। थाना सदर टोहाना के एसएचओ शादीराम मौके पर पहुंचे और बिना परवाह किए यात्रियों को बस से बाहर निकाला।

बाद में बस को भी जेसीबी की मदद से बाहर निकाल लिया गया। बारिश में फंसी रोडवेज बस में से यात्रियों को सुरक्षित निकालने पर एसपी सिद्धांत जैन ने एसएचओ की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद डिपो की बस हिमाचल के शाहतलाई जा रही थी। यह बस टोहाना के जमालपुर शेखां के पास निर्माणाधीन अंडरब्रिज से गुजर रही थी तो अंडरब्रिज में भरे पानी का चालक को अंदाजा नहीं हुआ। दरअसल दो दिन से हो रही बारिश के कारण टोहाना में चारों तरफ जलभराव है। टोहाना में 24 घंटों में 260 एमएम से भी अधिक बरसात हो चुकी है। बस जैसे ही पुल को क्रॉस करने लगी तो चालक को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं हुआ। बिलकुल पुल के बीचों-बीच बस जाकर बंद हो गई।



**फतेहाबाद।** बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालते पुलिस कर्मचारी।

#### पुलिसकर्मियों ने लोगों को कंधों पर बैठाकर बाहर निकाला

चालक ने सवारियों की जान खतरे में देख तुरंत 112 हैल्पलाइन नंबर पर डायल किया। चालक ने पुलिस को मदद के लिए कहा। इसके थोड़ी देर बाद ही थाना सदर प्रभारी शादीराम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए पानी में उतर गए। पुलिस कर्मचारियों ने अनेक लोगों को कंधे पर बिठाकर पानी से सुरक्षित बाहर निकाला तो अनेक को हाथ पकडक़र सुरक्षित स्थान पर लाया गया। जब पूरी सवारियां बाहर आ गई तो पुलिस टीम ने जेसीबी बुलाकर बस को भी पानी से बाहर निकाला। पुलिस की इस तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और सभी यात्री सुरक्षित बच गए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि फतेहाबाद पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम है, बल्कि हर आपात स्थिति में आम जनता के साथ खड़ी है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी ने एसएचओ शादी राम को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया।



**भूना।** बैजलपुर के खेल मैदान में भरा हुआ पानी। *फोटो : हरिभूमि*

### भूना में बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त, खेल गतिविधियां ठप

**भूना।** पिछले दो दिन से से हो रही मूसलाधार बारिश ने जहां किसानों की फसलों के लिए संजीवनी का काम किया है, वहीं शहर व निचले इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। लगातार बारिश से भूना शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के रामलीला ग्राउंड के पीछे की कॉलोनियों में जलभराव से लोग परेशान हैं, वहीं बैजलपुर गांव के तालाब के आसपास के रिहायशी इलाकों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बैजलपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का खेल मैदान भी बारिश के पानी से लबालब भर गया है, जिससे स्कूल के खिलाड़ियों को अभ्यास करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के हॉकी खिलाड़ी आगामी स्टेट चैंपियनशिप की तैयारियों में जुटे हुए हैं, लेकिन मैदान में पानी भरे होने के कारण अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। खिलाड़ियों का कहना है कि बारिश के मौसम में अभ्यास के लिए कोई विकल्प नहीं है। इस बीच यह भी सामने आया है कि खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा टेकओवर नही करने के कारण करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किया गया आधुनिक 3डी ब्लू एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम लंबे समय से बंद पड़ा है और उसकी देखरेख में भारी लापरवाही बरती जा रही है।



**टोहाना।** अमानी एसटीपी का निरीक्षण करते एसडीएम आकाश शर्मा।

### एसडीएम ने जलभराव से बचाव प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को टोहाना में अनेक क्षेत्रों का दौरा किया और बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए जलभराव से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले अमानी स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली और बरसात के दिनों में बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, सिंचाई विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल से कार्य करें और सुनिश्चित करें कि अधिक वर्षा की स्थिति में पानी का निकास सुचारू रूप से होता रहे। उन्होंने कहा कि जलभराव से बचाव के लिए सभी नालों और ड्रेनों की सफाई की जाए तथा जहां कहीं अवरोधक सामग्री या मिट्टी जमा है उसे तुरंत हटाया जाए।

### खेतों में भरा पानी, फसलों को नुकसान



**भूना।** ढाणी सांचला रोड पर भूना के खेतों में नरमे की फसल में जलभराव।

### बैजलपुर गांव में जोहड़ ओवरफ्लो, 4 वार्ड जलमग्न, मकान की छत गिरी

**भूना।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते बैजलपुर गांव में जलभराव की स्थिति विकराल हो गई है। गांव के बीचोंबीच स्थित गंदे पानी की निकासी का जोहड़ ओवरफ्लो हो गया, जिससे गांव के वार्ड नंबर 5, 6, 11 और 12 की आबादी जलमग्न हो गई है। सैकड़ों घर पानी की चपेट में आ गए हैं और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों और गलियों में घुटनों तक भरे पानी के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। पानी घरों में घुसने से ग्रामीणों का घरेलू सामान भी खराब हो गया है। लोग खुद ही बाल्टियों और पाइपों की मदद से पानी निकालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जलस्तर लगातार बढ़ने से स्थिति बेकाबू होती जा रही है।

### शहर में जलभराव वाली जगह पर पंप लगाकर तुरंत करें पानी की निकासीः एसडीएम



**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को तहसील कॉम्प्लेक्स की सफाई व जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया और पानी निकासी के उचित प्रबंध करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शहर के अनेक क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश का पानी प्रवेश करने व तहसील कार्यालय में जल निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को बारिश के पानी की निकासी के लिए तत्काल कार्रवाई करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर में किसी स्थान पर पानी इकट्ठा न हो, इसके उचित प्रबंध किए जाए।

### भारी वर्षा-जलभराव से हुए नुकसान का क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दें ब्यौरा

**सिरसा।** भारी वर्षा और जलभराव के कारण तहसील नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के चार गांवों में फसलों को हुए नुकसान का विवरण दर्ज करवाने के लिए पांच सितंबर तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला गया है। नाथूसरी चौपटा तहसील के प्रभावित गांवों नाथूसरी कलां, नाथूसरी खुर्द, गंजा रुपाना और रामपुरा बिश्नोइयां के लिए पांच सितंबर तक पोर्टल ओपन किया गया है ताकि प्रभावित किसान भारी वर्षा एवं जलभराव के कारण खरीफ फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकें। सरकार द्वारा प्रभावित किसानों की मांग एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने संबंधित जिलों के प्रभावित गांवों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 5 सितंबर तक खुला रखने के निर्देश दिए हैं।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध

- दुकानदारों ने कहा, कोई नोटिस नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

शहर के संन्यास आश्रम रोड पर मंगलवार को नगर परिषद की टीम जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंच गई। नगरपरिषद की टीम को देखते हुए यहां के दुकानदारों में हडकंप मच गया। कई दुकानदारों ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि कि बिना किसी पूर्व नोटिस के कार्रवाई की जा रही है। दुकानदारों का आरोप था कि परिषद कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर लगे नाम-पट्टी वाले बोर्ड तक उखाड़ दिए। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने नाराजगी जताई। एक दुकानदार ने जब नोटिस नहीं देने की बात कही तो अधिकारियों ने कह दिया कि नोटिस भेजे गए थे, मगर वह मौके पर कोई नोटिस नहीं दिखा पाए। नगर परिषद की टीम करीब 10 दुकानों के बाहर से बोर्ड और अतिक्रमण हटाने के बाद वापस लौट गई। मिली जानकारी के अनुसार, एक दुकानदार का पिछले दिनों नगर परिषद टीम बोर्ड उतार ले गई थी। इसके बाद इसी दुकानदार ने अन्य दुकानों के बाहर भी अतिक्रमण होने की शिकायत दी। इसी शिकायत के आधार पर नगर परिषद टीम अतिक्रमण हटवाने पहुंच गई। टीम अपने साथ जेसीबी लेकर आई। इस दौरान एसडीओ गजेंद्र कुमार, सीएसआई सतपाल सैनी, बिल्डिंग इंस्पेक्टर विकास बजाज मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान एक दुकान के बाहर लगे शेड को लेकर भी हंगामा हो गया।



**फतेहाबाद।** अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

## रंजिश में स्कॉर्पियो से बाइक को मारी थी टक्कर

- छात्र विजय हत्याकांड में बड़ा खुलासा, आरोपियों ने रिमांड में कबूला जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶भूना

छात्र विजय कुमार हत्याकांड में बड़ा खुलासा सामने आया है। पुलिस रिमांड के दौरान पकड़े गए आरोपियों विष्णु उर्फ बीके पारता व पवनजीत बैजलपुर ने कबूल किया है कि पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने जानबूझकर स्कॉर्पियो गाड़ी से मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी, ताकि विरोधियों को सबक सिखाया जा सके। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया है। डीएसपी नरसिंह बिश्नोई की देखरेख में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम व स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियो और बाइक की मदद से पूरे सीन को रीक्रिएट किया। आरोपी विष्णु ने बताया कि 13 अगस्त को साहिल के साथ कहासुनी हुई थी। दोनों पक्षों में उस दिन ही एक-दूसरे को सबक सिखाने की धमकियां दी गई थीं। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मोटरसाइकिल सवार युवकों को रोकने का इशारा किया, लेकिन टक्कर मार दी गई, जिससे हादसा हो गया। घायल साहिल ने आरोप लगाया कि इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता बैजलपुर निवासी राहुल नैन है। उसने 13 अगस्त की झड़प के दौरान लोहे का कड़ा सिर पर मारा और जान से मारने की धमकी दी थी।



**भूना।** पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल की मदद से पूरे सीन को रीक्रिएट करते हुए *फोटो : हरिभूमि*

#### एक्सीडेंट दिखाने की साजिश

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने उकलाना के एक कार डीलर से स्कॉर्पियो गाड़ी किराए पर ली थी और ड्राइवर के रूप में नाढोड़ी गांव के युवक का आधार व ड्राइविंग लाइसेंस जमानत के तौर पर दिया गया था। आरोपियों ने घटना को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की, लेकिन साजिश का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने अब हत्या, हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को शिकंजे में लिया है।

#### कार्रवाई पर उठाए सवाल

विजय के पिता महेंद्र सिंह वाल्मीकि ने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई धीमी है और मुख्य आरोपी अब भी फरार है, जो विदेश भागने की फिराक में है। उन्होंने फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## 'गणपति बप्पा मोरयां' के जयकारों से गूंजेगा संन्यास आश्रम मंदिर

- आज से शुरू होगा गणेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

शहर का संन्यास आश्रम मंदिर एक बार फिर 'गणपति बप्पा मोरयां' के जयकारों से गूंजने वाला है। मौका है गणेश उत्सव का। श्री विनायका गुरप फतेहाबाद द्वारा हर वर्ष की भांति इस साल भी 9वां विशाल गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर गुरप सदस्यों द्वारा सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए श्री विनायका गुरप के सदस्य एवं नगरपरिषद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग के सुपुत्र पियुष नारंग ने बताया कि श्री संन्यास आश्रम मंदिर में इस बार गणेश उत्सव का शुभारंभ 27 अगस्त को प्रातः 10 बजे मूर्ति स्थापना के साथ किया जाएगा। गणेश उत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 7 बजे आरती होगी और शाम 5 से 7 बजे तक सत्संग होगा। 5 सितम्बर को केक रस्म और रात्रि चौकी सजाई जाएगी। इस चौकी में कलाकारों द्वारा भजनों द्वारा गणपति जी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा वहीं मनमोहक झांकियां देखने योग्य होंगी। उन्होंने बताया कि 6 सितम्बर को प्रातः 9 बजे मंदिर में हवन यज्ञ होगा और उसके बाद लंगर भंडारा चलाया जाएगा।

## ऑपरेशन आक्रमण : 410 जवानों की 37 टीमों ने फैलाया जिलेभर में जाल

# फतेहाबाद पुलिस ने 6 घंटे में 33 आरोपी दबोचे

- ऑपरेशन में कुल 37 पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने मंगलवार को जिलेभर में ऑपरेशन आक्रमण चलाकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस विशेष अभियान के तहत महज 6 घंटे के भीतर 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। इस ऑपरेशन में कुल 37 पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें लगभग 410 पुलिसकर्मी शामिल थे। सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के शहरों, कस्बों, गांवों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सघन नाकाबंदी, तलाशी अभियान, रेड और चेकिंग की गई। पुलिस ने राजस्थान और पंजाब से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की बारीकी से तलाशी ली। साथ ही मादक पदार्थ तस्करों और अवैध हथियारों के संभावित ठिकानों पर विशेष छापेमारी की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 7 मुकदमे दर्ज कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 47 बोतल देसी शराब और 650 लीटर लाहण बरामद किया है। नडीपीएस एक्ट के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 4.5 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत पुलिस ने 100 चालान किए, इनमें 41 चालान लाइन चेंजिंग तथा 59 चालान अन्य ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना के थे। शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस ने एक सप्लायर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने 3 मोस्ट वांटेड आरोपी, एक हत्या के प्रयास के आरोपी, 7 बेल जंपर, घर में चोरी के दो आरोपी, मोटर वाहन चोरी के एक आरोपी, झगड़े-फसाद के लंबित मामलों में 8 आरोपी, साइबर क्राइम से जुड़े 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।



**फतेहाबाद।** 'ऑपरेशन आक्रमण' के तहत वाहनों की चैकिंग करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### पुलिस का काम लोगों को जागरूक करना : एसपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस का काम केवल अपराधियों को पकडऩा नहीं, बल्कि समाज को नशे जैसी बुराइयों से मुक्त करना, महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाना और ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जनता को शिक्षित करना भी है।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।



लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप



### टीबी की रोकथाम के बारे में किया जागरूक

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मंगलवार को युवाओं को टीबी के फैलने के बारे व उसकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि केवल टीबी एक ऐसी बीमारी है जिसका नियमित उपचार लेने पर यह ठीक हो सकती है तथा इसका इलाज सामान्य अस्पताल सिरसा व सभी पीएचसी सीएचसी में निःशुल्क किया जाता है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्पां में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। प्रधानाचार्य शुभकरण व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी नरेश कुमार ग्रोवर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस गोली के सेवन से पेट में पाए जाने वाले कीड़े समाप्त हो जाते हैं और बच्चे किसी भी प्रकार के एनीमिया के शिकार नहीं होते।

### दुष्यंत चौटाला ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सिरसा।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को अपने आवास पर जनसमस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात के कारण अधिकांश जिलों में पानी निकासी न होने का संकट है जिससे आमजन को काफी दिक्कतों हो रही है।

### महिला कॉलेज में खिलाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय की 19 वर्ष की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। डॉ. विक्रमजीत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर में लाखों बच्चे आंतों के कृमि संक्रमण से पीड़ित हैं, जिसका असर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र कल्याण पर पड़ रहा है।

## सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण प्रक्रिया बैजलपुर गांव से होगी प्रारंभ

# गांव बैजलपुर में 29 अगस्त को हॉकी एस्ट्रोटर्फ का होगा उद्घाटन : बराला

*खेल क्षेत्र में देश की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए केंद्र सरकार ने उठाया ठोस कदम*

- इसी दिन सरपंचों की रस्साकसी प्रतियोगिता भी रहेगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल क्षेत्र में देश की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए केंद्र सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। सांसद बराला ने



**फतेहाबाद।** जानकारी देते हुए सांसद सुभाष बराला।

बताया कि सांसद खेल महोत्सव की पंजीकरण प्रक्रिया 29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस से प्रारंभ होगी। सांसद खेल महोत्सव 21 सितम्बर से शुरू होकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर तक चलेगा। सांसद ने कहा कि खेल दिवस के अवसर 29 अगस्त को इस अवसर पर गांव बैजलपुर में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन किया जाएगा और उद्घाटन दिवस पर लडक़े व लड़कियों के बीच हॉकी मैच खेला जाएगा। इसी दिन सरपंचों की रस्साकसी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसी दिन से सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में इस महोत्सव को कराने की जिम्मेवारी उनकी है। इसके अंतर्गत वॉलीबॉल, फुटबॉल, दस ओवर का क्रिकेट टूर्नामेंट, हॉकी लडक़े एवं लड़कियां, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण सहभागिता बढ़ाने हेतु रस्साकसी जैसे मनोरंजन खेल भी शामिल किए गए हैं। इस आयोजन के सफल संचालन के लिए एक लोकसभा स्तरीय प्रबंधन टीम गठित की जाएगी, जो संपूर्ण कार्यक्रम की देखरेख करेगी।

### अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील

सांसद बराला ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान की भावना को आगे बढ़ाने वाला कदम है। यह उन युवाओं के लिए विशेष अवसर है, जो ग्रामीण अंचल में रहकर भी खेलों में गहरी रुचि और प्रतिभा रखते हैं, लेकिन मंच और संसाधनों की कमी के कारण आगे नहीं आ पाते। सांसद खेल महोत्सव न केवल खिलाड़ियों को अवसर देगा, बल्कि समाज में खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 29 अगस्त से शुरू होने वाली ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र से उभरने वाले खिलाड़ी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

## किसानों के आंदोलन के बाद खोला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टूकलां व फतेहाबाद क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बरसात के बाद खेतों में हुए जलभराव से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसान संगठन काफी दिनों से किसानों को मुआवजा देने और ई-क्षतिपूर्ति खोलने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों की सुध लेते हुए प्रदेश सरकार ने अब ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि भारी बरसात एवं जलभराव के कारण खरीफ फसलों को हुए नुकसान के दावों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिले के प्रभावित गांवों के किसान 5 सितंबर तक इस पोर्टल पर अपने दावे अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रभावित गांवों की सूची पोर्टल पर उपलब्ध करवा दी गई है। फतेहाबाद तहसील के गांव खारा खेड़ी, भोडा होसनाक, चिंदड, बनगांव, बड़ोपल, भोडिया खेड़ा व बीघड़ और भट्टू कलां उप तहसील के गांव गदली, जांडवाला बागड़, खाबड़ा कलां व खुर्द, ठुइयां, ढाबी खुर्द व कलां, किरढान, बनावली, ढांड, शेखुपुर दड़ौली, भट्टू प्रथम व द्वितीय, सुलीखेड़ा व बनमंदोरी गांव के किसान अपने गांव का नाम देखकर सही जानकारी के साथ अपना आवेदन ऑनलाइन भरें, ताकि समय पर जांच और उचित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा से पहले आवेदन जमा करवाएं, ताकि खरीफ फसलों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा उन्हें मिल सके।

- किसान 5 तक इस पोर्टल पर अपने दावे अपलोड कर सकते हैं

## क्राइम में हरियाणा अव्वलः कृष्णा फौगाट




**सिरसा।** कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा फौगाट ने कहा कि पूरे देश प्रदेश में भाजपा शासन में जिस प्रकार अपराधों का ग्राफ बढ़ा है, उससे हर व्यक्ति खासकर महिला वर्ग खौफजदा है। इस खौफ से मुक्ति केवल कांग्रेस ही दिला सकती है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाएं कांग्रेरस से जुड़े। कृष्ण फौगाट मंगलवार को कांग्रेस के महिला सृजन अभियान के तहत सेक्टर 19 में आयोजित महिलाओं की बैठक को संबोधित कर रही थी। कृष्णा फौगाट ने कहा कि हरियाणा में चर्चित मनीषा हत्याकांड किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़े अपराधों के चलते स्थिति इतनी गंभीर हो चली है कि महिलाएं अकेले अपने घरों से निकलने में बच रही हैं। इस अवसर पर उनके साथ अंगूरी देवी वर्मा, कमलेश संधु, रानी देवी, किताबो देवी, सुनीता, सुमित्रा, शंकुतला, दीपिका व सुनीता देवी आदि अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## 430 छात्राओं को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला जांडली कलां में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय बताए




**भूना।** छात्रा को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

और 430 छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सतीश कुमार और मुख्य शिक्षिका सुदेश रानी ने की। गांव के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मोनिका के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य टीम में एएनएम राम बाई, आशा वर्कर कविता देवी, कृष्णा देवी और सुनीता देवी शामिल रहीं। टीम ने बच्चों को जानकारी दी कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है। इससे एनीमिया, भूख न लगना, थकावट और पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को एक-एक एल्बेंडाजोल की गोली दी गई, ताकि उनके पेट में मौजूद कीड़े नष्ट हो सकें।

## १५० लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ

- सर्जन डॉ. विरेंद्र सिंह सिवाच ने जन्मदिन पर लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी, सर्जन और राजनेता डॉ. वीरेन्द्र सिंह सिवाच ने अपना जन्मदिन एक अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने सेवा भारती स्कूल, हंस कॉलोनी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें भारी बारिश के बावजूद 250 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर में डॉ. सिवाच ने न केवल मुफ्त में दवाइयाँ वितरित कीं, बल्कि अल्ट्रासाउंड जैसी महंगी जांच भी मुफ्त में करवाई। डॉ. सिवाच के इस



**फतेहाबाद।** शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर की लोग प्रशंसा कर रहे हैं और उनके समाजसेवी कार्यों को सलाम कर रहे हैं। बता दें कि डॉ. सिवाच फतेहाबाद में चिकित्सा क्षेत्र में पिछले 34 वर्षों से सक्रिय हैं और अब तक 600 से अधिक निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर चुके हैं। उनके द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा सुविधा ने हजारों लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया है। इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सेवा भारती स्कूल के अध्यापकों और अन्य सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने शिविर के आयोजन में डॉ. सिवाच का सहयोग किया और मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिरसा में खुलेगा खेलो इंडिया लघु केंद्र

**सिरसा।** जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण, उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र के निर्देशों के तहत हर जिले में एक-एक खेलो इंडिया लघु केंद्र स्थापित किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन पूर्व चैम्पियन एथलीटों द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में जिला सिरसा में भी खेलो इंडिया लघु केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए पूर्व चैम्पियन एथलीट आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, सिरसा में आगामी 28 अगस्त तक किसी भी कार्यालय दिवस में जमा करवा सकते हैं। आवेदन का प्रारूप जिला खेल कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

## धूमधाम से मनाया गणेश चतुर्थी पर्व

- द आर्यन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

द आर्यन स्कूल में गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल के पहली, दूसरी व छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़चढक़र हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने गजानंद महाराज पधारो, गणपति जी गणेश नू मनाइए, घर में पधारो गजानंद जी...सहित अनेक मनमोहक भजनों पर जमकर नृत्य किया और अपनी प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। स्कूल प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि गणेश चतुर्थी



**सिरसा।** स्कूल में बच्चे गणेश उत्सव मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

का पर्व आगामी 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। दस दिनों तक चलने वाला यह पर्व पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान गणेश को बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत सबसे पहले गणपति पूजन से की जाती है। गणेश चतुर्थी का त्योहार केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि ये एक ऐसा उत्सव है, जो आपसी भाईचारे और एकता का भी संदेश देता है। स्कूल डायरेक्टर अनिल गोयल, राकेश गोयल, चारू गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि द आर्यन स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कृति से जोड़े रखने के लिए संस्कार भी दे रहा है।

## सतबीर ने जर्मनी में आयोजित प्रतियोगिता में जीते तीन पदक

- किडनी ट्रांसप्लांट के बाद भी नहीं टूटा जज्बा

**फतेहाबाद।** जिले के खंड भट्टू कलां के एक छोटे से गांव सिरढान के सतबीर सिंह गिजरोइया ने जर्मनी में 17 से 23 अगस्त तक आयोजित 25 वें वल्ड ट्रांसप्लांट एथलेटिक गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड और 2 कांस्य पदक हासिल करके अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। 31 वर्षीय सतबीर सिंह ने बाल थ्रो में गोल्ड और जेवलिन थ्रो और पेंटाक सिंगल में कांस्य पदक हासिल किया है। इन खेलों में लगभग 51 देशों के 2200 खिलाडिय़ों ने भाग लिया था। इसमें भारत देश से 57 खिलाड़ी शामिल थे जिनमें से हरियाणा से 3



पदक विजेता सतबीर सिंह गिजरोइया।

खिलाडिय़ों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इन खिलाडिय़ों में से सतबीर सिंह गिजरोइया ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश भर में हरियाणा का नाम रोशन किया है। सतबीर सिंह ने बताया कि उनको कुछ वर्ष पहले किडनी संबंधित दिक्कतें हुई थी और उनके पिता रणजीत सिंह ने उनको किडनी देकर नया जीवन दान दिया था। सतबीर

## हवन के साथ नया शैक्षणिक सत्र शूरू

- हवन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सरदार पटेल छात्रावास में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ बड़े हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार, कुलसचिव प्रो. अशोक शर्मा, वार्डन डॉ. हरकृष्ण, प्रो. राम मेहर, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुरेश कुमार सहित छात्रावास के सभी निवासी, शिक्षक और स्टाफ सदस्य मौजूद



**सिरसा।** हवन यज्ञ में आहुति डालते कुलपति व अन्य।

थे। कुलपति विजय कुमार ने कहा कि हवन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। हवन मंत्रों की गूंज और आध्यात्मिक वातावरण ने छात्रावास परिसर को ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण की भावना से भर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावास केवल रहने की जगह नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाने वाली प्रयोगशाला है। यहां छात्र अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सामूहिकता और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि छात्रों को सुरक्षित, सहयोगी और प्रेरणादायी वातावरण मिले, ताकि वे न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

## विधानसभा में गूंजा फतेहाबाद जिला पुस्तकालय का मुद्दा

**फतेहाबाद।** हरियाणा विधानसभा के सत्र में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने जिला पुस्तकालय का अहम मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक बलवान सिंह ने कहा कि जिला पुस्तकालय पहले बीडीओ ब्लॉक की इमारत में संचालित होता था, जिसे लोक निर्माण विभाग ने कंडम घोषित कर दिया। इसके बाद उपायुक्त ने इसे नए बस स्टैंड में शिफ्ट कर दिया, लेकिन वहां शहर से 5 किलोमीटर की दूरी होने के कारण पाठकों का पहुंचना मुश्किल था। पुस्तकालय संघर्ष समिति के विरोध के बाद जिला पुस्तकालय को बाल भवन में स्थानांतरित किया गया, लेकिन वहां पहले से ही चिल्ड्रन लाइब्रेरी संचालित थी। परिणामस्वरूप अब पुस्तकालय दो भागों में बंट चुका है—पुस्तकें नए बस स्टैंड पर बोरियों में पड़ी हैं और रीडिंग रूम बाल भवन में चल रहा है। इससे चिल्ड्रन लाइब्रेरी भी बाधित हो गई है। विधायक दौलतपुरिया ने सदन में सरकार से मांग की कि जीटी रोड पर पुराने बस स्टैंड के पास स्थित पंचायत भवन के दो हॉल जिला पुस्तकालय को अस्थायी रूप से आवंटित किए जाएं, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को पढ़ाई की सुविधाएं मिल सकें।



विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया।

## वैध कॉलोनियों में एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया सरलः डीटीपी

**सिरसा।** नगरपरिषद-नगरपालिका क्षेत्रों से बाहर जिला के विभिन्न कस्बों में बनी वैध कॉलोनियों में खाली प्लॉट या मकान के लिए आम नागरिकों को एनओसी प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। जिलावासी डीटीपी विभाग की वैबसाइट पर जाकर न केवल एनओसी प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं बल्कि जिला में वैध कॉलोनियों की पूरी जानकारी भी ले सकते हैं। इस वेबसाइट पर जिला में वैध कॉलोनी के नक्शे व बाउंड्री जैसी पूरी जानकारी उपलब्ध है। एनओसी के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक को वेबसाइट पर जाकर राइट साइड के ई-गवर्नेंस मेन्यू के पहले ऑप्शन 'न्यू यूजर- रजिस्टर हेयर' पर पंजीकरण कर, उसके बाद यूजर लॉगइन में जाकर डिटेल सब्मिट कर आवेदन करना होगा। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझड़िया ने बताया कि फिलहाल जिला के विभिन्न कस्बों में 22 कॉलोनियां वैध हैं। जोकि नगरपरिषद, नगरपालिका क्षेत्रों से बाहरी सीमा में स्थित हैं।

- नागरिक वैबसाइट पर जाकर ले सकते है जानकारी

## विधायक केहरवाला ने सरकार को घेरा

**सिरसा।** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने प्रदेश भाजपा सरकार को हरियाणा भर में बीपीएल परिवारों के लाखों कार्ड बनाने व बाद में काटने के गंभीर मुद्दे पर कटघरे में खड़ा किया। हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों से संबद्ध मंत्री से पूछा कि वे सदन को अवगत करवाएं कि बीती 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 जुलाई 2025 की अवधि तक हरियाणा में कितने नए बीपीएल कार्ड जारी किए गए और उक्त अवधि में कितने बीपीएल कार्ड बंद किए गए।

**कार्यक्रम** रेडक्रॉस सोसायटी व इनर व्हील क्लब सिरसा हाइटस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

# गर्भाशय, ग्रीवा कैंसर और अनीमिया पर दी जानकारी

- डॉ. शैलजा बंसल व रीमा मेहता ने बतौर मुख्य वक्ता किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसायटी व इनर व्हील क्लब सिरसा हाइटस के संयुक्त तत्वावधान में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और अनीमिया पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. शैलजा बंसल व डॉ. रीमा मेहता मुख्य वक्ता थी। डॉ. शैलजा ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और




**सिरसा।** छात्राओं को संबोधित करती डा. शैलजा।

उपचार के नवीनतम तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर के मामलों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर दूसरे स्थान पर है, लेकिन जानकारी के अभाव और लापरवाही के कारण यह बीमारी अक्सर देर से पकड़ी जाती है। नियमित जांच और समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से पूरी तरह बचाव किया जा सकता है। डॉ. रीमा मेहता ने छात्राओं को अनीमिया के लक्षण, कारण और उपचार की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, खासकर युवतियों में। संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन और नियमित स्वास्थ्य जांच इस बीमारी से बचाव के लिए बेहद जरूरी हैं। छात्राओं को चाहिए कि वे समय-समय पर अपना हीमोग्लोबिन स्तर जांचती रहें और जरूरत पडऩे पर डॉक्टर की सलाह लें। इन्नर व्हील क्लब, सिरसा हाइटस के सदस्यों ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर पर जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने रेडक्रॉस सोसायटी और इनर व्हील क्लब सिरसा हाइट्स की इस पहल की सराहना की। इनर व्हील क्लब सिरसा हाइटस की अध्यक्षा अंजु शारदा और सचिव श्वेता गुप्ता ने सीएमके कॉलेज के मंच के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का अवसर देने के लिए सिरसा एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन अरविंद बंसल का आभार जताया।

### छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे

कॉलेज की मीडिया प्रभारी डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत सिविल अस्पताल की ओर से विद्यार्थियों को अल्बेंडाजोल की टैब्लेट्स भी दी गई। इस मौके पर जीआरजी स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. किरन मेहंदीरत्ता, डॉ. रचना कंबोज, डॉ रति. तिवारी व डॉ. सरबन कंबोज भी मौजूद थे।

**सूचना**

मैं, अनिल शर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी मकान नंबर-417, गली नंबर-3, शिव नगर, फतेहाबाद, तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम सुभाष चन्द्र शर्मा है लेकिन मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सुभाष चन्द्र है। सुभाष चन्द्र शर्मा और सुभाष चन्द्र एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार को मांगे आवेदन

**फतेहाबाद।** केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक पशुपालक 15 सितंबर तक उपरोक्त पोर्टल पर आवेदन भेज सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के प्रभावी विकास के लिए अथक प्रयास कर रहा है, ताकि किसानों को स्थायी आजीविका प्रदान की जा सके। भारत की स्वदेशी गोजातीय नस्लें बहुत अच्छी हैं और उनमें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आनुवंशिक क्षमता मौजूद है।

## हेरोइन तस्करी आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी के एक प्रकरण में थाना जाखल पुलिस ने तीसरे आरोपी विनोद कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी मास्टर कॉलोनी, जाखल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 500 की नकदी बरामद की गई है। इससे पहले इस मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि इससे पूर्व पुलिस ने गश्त और पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर प्रीतपाल सिंह उर्फ कालू एवं जगतार सिंह उर्फ तारी सिंह निवासी खंडेबाद, जिला संगरूर, पंजाब को काबू किया था। तलाशी के दौरान प्रीतपाल सिंह के कब्जे से 11.41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

## हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस ने जेजे कॉलोनी क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान रविदास निवासी ऐलनाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान शहर की जेजे कॉलोनी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 ग्राम 51 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर थाना में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पर्यावरण पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को पर्यावरण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें जिला पर्यावरण संरक्षण गतिविधि टोली के डॉ. वीरेंद्र पहवाल ने विद्यार्थियों तथा स्टॉफ सदस्यों को पर्यावरण एपस इकोमित्र के बारे में बताया। इस अवसर पर एप संबंधित प्रश्नों की प्रतियोगिता में कुसुमलता तथा सुखप्रीत कौर को क्रमशः प्रथम व द्वितीय विजेता घोषित कर उन्हें ई-सर्टीफिकेट प्रदान किए गए। पहलवाल ने बताया कि पर्यावरण से संबंधित जैसे बिजली का कम प्रयोग, सीएफएल बल्बों का प्रयोग, अधिक से अधिक वृक्ष लगाना, खाना बर्बाद न करना, डिब्बा बंद चीजों का सेवन न करने का आह्वान किया।

### स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित किया, प्रदर्शन का सराहा

# क्रेसण्ट स्कूल के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्कूल गेम्स में राज्य स्तर पर अपना स्थान बनाया

*बॉक्सिंग अंडर-14 में मुस्कान ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम एवं जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेसलिंग अंडर-14 में विनीत ने ब्लॉक व जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए स्थान पक्का किया। कबड्डी अंडर-11 में लड़कियों की टीम में भूमिका, कामिनी ,सीरत, नव्या, किरण मोक्षिता, पीहू, निकिता व सीरत ने क्लस्टर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्कूल गेम्स में क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जूडो में कक्षा आठ की छात्रा अर्पिता ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। ताइक्वांडो अंडर 17 में नवदीप ने अपने दमदार खेल से जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तर तक पहुंच बनाई।

जिम्नास्टिक में विद्यालय के अंडर 14 लडक़ों की टीम में परमिंदर, गर्विश, नूर कंबोज एवं लड़कियों की अंडर 14 टीम में खनक व तान्या तथा अंडर-19 में विनीता ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया । बॉक्सिंग अंडर-14 में मुस्कान ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम एवं जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेसलिंग अंडर-14 में विनीत ने ब्लॉक व जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए स्थान पक्का किया। कबड्डी अंडर-11 में लड़कियों की टीम में भूमिका, कामिनी ,सीरत, नव्या, किरण मोक्षिता, पीहू, निकिता व सीरत ने क्लस्टर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिला स्तर पर भाग लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया। चेस में अंडर 11/14/17 व अंडर 19 में विहान कथूरिया, रजत, जीनत, अभिलाषा, भूमिका, सक्षम, विहान व रुहान ने अपनी रणनीति एवं बुद्धिमत्ता से जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। बास्केटबॉल में अंडर 14 लडक़ों की टीम में अंश, तपन ,गर्व, तुषार व अंडर 17 में लडक़ों की टीम में रोहन, मोहित तन्मय, तुषार ,योगित, विश्वजीत एवं अंडर-19 में जतिन का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ।


**फतेहाबाद।** खेलों में अव्वल रहे क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी।

प्रधानाचार्य रितु सिंधु ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से विद्यालय ही नहीं, पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह जीवन में आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की शक्ति को भी विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी स्कूल के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल खेलों को बढ़ावा दे रहा है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छाई साहुवाला द्वितीय की छात्राएं

**सिरसा।** शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में साहुवाला द्वितीय के खिलाडियों ने अंडर-17 गर्ल्स सॉफ्टबॉल में लड़कियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिसमें 7 लड़कियों का चयन हुआ। इसी कड़ी में अंडर-19 में ट्रायल बेस पर 05 लड़कियों का राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ और अंडर-14 में तीन लड़कियों का चयन हुआ। श्रीभगवान पीटीआई ने बताया कि इस बार राज्य स्तरीय खेलों में सिरसा की तरफ से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहुवाला द्वितीय की छात्राएं राज्य स्तरीय खेलों में सिरसा का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू पूनिया ने सभी खिलाड़ियों व अध्यापकों सहित टीम लीडर को बधाई दी और कहा कि यह खिलाडियों की मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर जोगिंदर सिंह डीपीई व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

# पुलिस ने 5 लोगों को गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद ने एक बार फिर तकनीकी निपुणता का परिचय दिया और 5 लोगों के गुम मोबाइल फोन ढूंढ निकाले। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में इन पांच नागरिकों को उनके गुमशुदा मोबाइल फोन लौटाए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख आंकी गई है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार और उनकी तकनीकी टीम ने इन मोबाइलों को ईआईएमआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसे अत्याधुनिक संसाधनों की मदद से बरामद किया। अब तक 215 से अधिक गुम मोबाइल लोगों को लौटाकर साइबर थाना ने जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान जब एसपी सिद्धांत जैन ने मोबाइल फोन लौटाए, तो लाभार्थियों के चेहरे पर गहरी संतुष्टि और कृतज्ञता देखने को मिली। कुछ लोगों ने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की संजीदगी ने उन्हें न सिर्फ उनका फोन, बल्कि पुलिस तंत्र पर दोबारा विश्वास भी लौटा दिया। मोबाइल पाने वालों में मोहित कुमार निवासी आदमपुर, वीना रानी निवासी टोहाना, विनोद कुमार निवासी भूथन कलां, बूटा सिंह निवासी चंडी कलां, हिसार तथा अनिल बंसल शामिल है।

## अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक 29 अगस्त को

**फतेहाबाद।** सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि 29 अगस्त को सुबह 9.30 बजे उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में चल रहे विकास कार्यों, भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि यह समीक्षा बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को सुबह 9.30 बजे पुलिस मैजिस्ट्री मीटिंग होगी, जिसमें कानून व्यवस्था, महिला विरूद्ध अपराध, पीएनडीटी एक्ट आदि बारे समीक्षा की जाएगी। इसके उपरांत जिला अधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों तथा भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की रिपोर्ट उपायुक्त के सम्मुख रखी जाएगी। इसके साथ ही बैठक में सरकार में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ आमजन तक पहुंचाने बारे भी विचार विमर्श किया जाएगा।

# बाबा रामदेव महाराज सांप्रदायिक सद्भावना व सामाजिक भाईचारा की मिसाल : दुड़ाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में बाबा रामदेव महाराज के प्राकट्य दिवस भादव शुद्धि दूज के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक दुड़ा राम व जिला भाजपा के उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा ने बाबा रामदेव महाराज की अखंड सांची व पावन जोत प्रज्वलित की। यह भादवा शुद्धि पूर्णिमा तक प्रज्वलित रहेगी। भजन संध्या में क्षेत्र के विख्यात कथावाचक व जम्मा गायक भक्त रोहताश ने बाबा रामदेव की महिमा में भजनों की गंगा प्रवाहित की। पूर्व विधयक दुड़ाराम ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा रामदेव महाराज संप्रदायिक सद्भावना व सामाजिक भाईचारा और एकता की अनूठी मिसाल है क्योंकि बाबा रामदेव महाराज को 36 बिरादरी के लोग मानते व पूजते है। समिति की ओर से प्रधान रमेश जोइया व समिति सदस्यों ने अतिथियों को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर बाबा रामदेव महाराज की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचे नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष विकास सारस्वत, जिला ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रामनिवास शर्मा व पार्षद निलांशी शर्मा को बाबा रामदेव महाराज का चित्र देकर सम्मानित किया गया।


**फतेहाबाद।** पूर्व विधायक दुड़ाराम को सम्मानित करते समिति सदस्य।

**प्रोजेक्ट के बारे में दी जानकारी**

# सिटी सेंटर द्वारा चैनल पार्टनर मिट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लिमिटेड की ओर से चैनल पार्टनर मिट का आयोजन किया गया। जिसमें चैनल पार्टनर के साथ डबवाली रोड पर विकसित की जा रहे श्रीमत सिटी सेंटर बारे जानकारी सांझा की गई। भविष्य की योजनाओं के साथ-साथ उनकी शंकाओं का भी निवारण किया गया। इस मिट के दौरान मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्रीमत टेक्सवर्थ के निदेशक आशुतोष गुप्ता ने संस्थान के प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि श्रीमत सिटी सेंटर केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के अनुमति प्राप्त है। महानगरीय तर्ज पर मल्टी स्टोरी कमर्शियल-कम-रेजीडेंशियल काम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य जारी है। करीब सवा सात एकड़ एरिया में इसका निर्माण कार्य जारी है, जिसमें करीब 600 गाडिय़ों की पार्किंग की सुविधा है। पूरा एरिया सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगा। श्रीमत सिटी सेंटर की भावी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी के डायरेक्टर राजीव जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का डिजाइन विश्व विख्यात हाफिज कंट्रेक्टर मुम्बई के सीनियर एसोसिएट निशार शेख अहमद द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मल्टी स्टोरी मार्केट का निर्माण अपने निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीमत सिटी सेंटर बारे एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक द्वारा प्री अप्रूवड लोन की सुविधा शुरू कर दी गई है।


**सिरसा।** सिटी सेंटर में आयोजित चैनल पार्टनर मिट में सिटी सेंटर बारे जानकारी सांझा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

इस मौके पर आर्किटेक्ट मैडम सलोनी ने इस प्रोजेक्ट की डिजाइन को लेकर बारिकी से बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट सिरसा को नई पहचान देगा, चूंकि शहर के बीचोंबीच इतनी भव्य मार्केट होगी, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देगी। उन्होंने बताया कि पूरी बिल्डिंग भूकंपरोधी तैयार की गई है। साथ फायर फाइटिंग की सुविधा रहेगी। हर बिल्डिंग में लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है।

# शिक्षा व समाज सेवा के लिए खिंदर पाल कंबोज को मिलेगा नेशनल अवार्ड

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



शिक्षा, खेल और समाज सेवा में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले खिंदर पाल कंबोज, निदेशक बाल वैशाली स्कूल हिजरावा खुर्द, फतेहाबाद को इस सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि यह पुरस्कार 5 अक्टूबर को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस समारोह में देशभर से चुनी गई 51 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। राह ग्रुप फाउंडेशन के ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड के लिए चयनित खिंदर पाल ने शिक्षा के क्षेत्र में कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, विशेषकर कन्या शिक्षा को बढ़ावा मिला है। बाल वैशाली स्कूल ने शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को बनाए रखते हुए बेटियों को भी बड़े शहरों के स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराई है। यही कारण है कि विद्यालय ने प्रदेश स्तर पर कई नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। शिक्षाविद् व खेल प्रेमी खिंदरपाल कंबोज की सोच है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में मंगलवार को बीए व बीकॉम प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन, शैक्षणिक दिशा-निर्देशों, अनुशासन तथा विभिन्न नियमों से अवगत कराना था, ताकि वे अपनी नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत आत्मविश्वास और जानकारी के साथ कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय भगवान यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत नवागत विद्यार्थियों के स्वागत से हुई, जिसके उपरांत कॉलेज की महत्वपूर्ण नीतियों और नियमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि कॉलेज में नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है और न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनाए रखनी होगी। अनुपस्थित रहने की स्थिति में वैध कारण व समय पर सूचना देना अनिवार्य है। इस दौरान छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं से भी अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि यह नीति विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा, लचीलापन, और कौशल आधारित ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई है। क्रेडिट सिस्टम और विकल्प आधारित पाठ्यक्रमों की भी जानकारी साझा की गई। पुस्तकालय के नियमों को लेकर बताया गया कि पुस्तकें निर्धारित समय के भीतर लौटाना अनिवार्य है, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा। पुस्तकालय में अनुशासन बनाए रखना, मोबाइल का प्रयोग न करना, और शांत वातावरण बनाए रखना सभी छात्रों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान रैगिंग जैसे गंभीर विषय पर भी विशेष चर्चा की गई। छात्रों को स्पष्ट किया गया कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और महाविद्यालय में इसके लिए शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जाती है। रैगिंग की किसी भी घटना की सूचना तुरंत प्राचार्य, शिक्षक या एंटी-रैगिंग कमेटी को दें।

**75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य**


फतेहाबाद। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

## पौधारोपण समय की जरूरत: शमशेर सिंह

**सिरसा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा यातायात थाना में पौधारोपण किया गया। थाना प्रभारी शमशेर सिंह के साथ मिलकर सभी सदस्यों ने 51 फूलदार, फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपित किए। थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने कहा कि पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मौसम में बदलाव के कारण मानसून भी देरी से आ रहा है, जिसके कारण सभी को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। खासकर किसान वर्ग को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण समय की जरूरत है। थाना प्रभारी ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे एक-एक पौधा जरूर लगाएं और उसके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके। थाना प्रभारी ने बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर सूर्यांश सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र रावत ने बताया कि इस मानसून सीजन में बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट की ओर से अ तक 851 पौधे लगाए गए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9253681005, 7988727916

**एकजुटता** — नशे के खिलाफ मुहिम में पेस्टीसाइड यूनियन ने दिया महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट को समर्थन

### नशे के खिलाफ उनकी निजी लड़ाई नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की लड़ाई : भवानी

# नशे ने युवाओं का बुरी तरह से जकड़ रखा, समाज के हर वर्ग को आगे आकर ड्रग को खत्म करना होगा : भवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले को नशामुक्त बनाने के लिए मेहनत कर रही महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट को अब अन्य संस्थाएं भी सहयोग देने लगी है। इस कड़ी में पेस्टीसाइड यूनियन ने ट्रस्ट के प्रधान ठाकुर भवानी सिंह से मिलकर उनको पूर्ण सहयोग देने का वायदा किया है। साथ ही 29 अगस्त को फतेहाबाद में ट्रस्ट व अन्य संस्थाओं के सहयोग से निकाले जाने वाली नशामुक्ति यात्रा में भरपूर सहयोग देने का एलान किया। यूनियन की ओर से इस दौरान मीठे पानी की छबील लगाने की घोषणा की गई है। ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह ने पेस्टीसाइड यूनियन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ यह उनकी निजी लड़ाई नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की लड़ाई है। आज हमारा युवा नशे के गर्त में डूबा हुआ है। नशे ने फतेहाबाद जिले को पूरी तरह से जकड़ लिया है। सरकार की और से भी यह जानकारी दी गई है कि नशीली गोलियों व नशे की दवाओं की बिक्री में फतेहाबाद जिला पूरे प्रदेश में नम्बर एक बना हुआ है।



## सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी जरूरी

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नशे रूपी इस दानव को जड़ से खत्म किया जाए। इसके लिए सभी सामाजिक संस्थाओं के अलावा आम जनता को भी भागीदारी देनी होगी। अगर आपके आसपास कोई नशा बेचता है, तो इसकी जानकारी ट्रस्ट के सदस्यों को अवश्य दें। इसके लिए लालबत्ती चौक पर ट्रस्ट का ऑफिस भी खोला गया है। ये ऑफिस इसलिए ही खोला गया है, ताकि लोग यहां आकर नशा तस्करों के खिलाफ जानकारी दें। ट्रस्ट परिवार आपसे वायदा करता है कि जो भी व्यक्ति नशे को हमारे युवा की नशों में घोल रहा है, उसके खिलाफ गंभीर से गंभीर कार्रवाई करवाई जाएगी।

यही नहीं, मादक पदार्थ जैसे, हेरोईन, स्मैक, अफीम, चूरापोस्त, गांजा के मामले में सिरसा के बाद प्रदेश में दूसरे नम्बर पर आता है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नशे रूपी इस दानव को जड़ से खत्म किया जाए। इसके लिए सभी सामाजिक संस्थाओं के अलावा आम जनता को भी भागीदारी देनी होगी। अगर आपके आसपास कोई नशा बेचता है, तो इसकी जानकारी ट्रस्ट के सदस्यों को अवश्य दें। इसके लिए लालबत्ती चौक पर ट्रस्ट का ऑफिस भी खोला गया है। ये ऑफिस इसलिए ही खोला गया है, ताकि लोग यहां आकर नशा तस्करों के खिलाफ जानकारी दें। ट्रस्ट परिवार आपसे वायदा करता है कि जो भी व्यक्ति नशे को हमारे युवा की नशों में घोल रहा है।